**प्रेस नोट दिनांक 05.10.2025**

**थाना फरीदपुर जनपद बरेली**

**थाना फरीदपुर #bareillypolice द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी की एडिट आपत्तिजनक फोटो को अनुचित रुप से वायरल करने वाले अभियुक्त को मोबाइल सहित किया गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-**

दिनांक 04.10.2025 को थाना फरीदपुर पर रघुप्रताप सिंह नगर अध्यक्ष हिन्दू जागरण मंच युवा वाहिनी फरीदपुर जिला बरेली द्वारा सूचना दी कि तंजीर आलम जो फ्यूचर यूनीर्वसिटी फरीदपुर जिला बरेली का मैच कोच ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के फोटो मे एडिटिंग करके अपने इंस्टाग्राम पर अभद्र पोस्ट प्रसारित की है। जिससे लोगो में रोष व्याप्त है। सूचना पर मु0अ0सं0 809/25 धारा 192/353(2) बीएनएस बनाम तंजीफ आलम उर्फ तंजीर आलम पुत्र हबीब अहमद निवासी धौरा टांडा वार्ड न. 6 थाना भोजीपुर जनपद बरेली हाल पता स्पोर्ट्स टीचर/कोच फ्यूचर यूनीर्वसिटी फरीदपुर जनपद बरेली के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-**

दिनांक 04.10.2025 को थाना फरीदपुर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त के नामित अभियुक्त तंजीफ आलम उर्फ तंजीर आलम पुत्र हबीब अहमद निवासी धौरा टांडा वार्ड न. 6 थाना भोजीपुर जनपद बरेली हाल पता स्पोर्ट्स टीचर/कोच फ्यूचर यूनीर्वसिटी फरीदपुर जनपद बरेली को फ्यूचर यूनीर्वसिटी फरीदपुर के गेट के सामने से समय करीब 17.20 बजे एक मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरण –**

मु0अ0सं0 809/25 धारा 192/353(2) बीएनएस

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास**

मु0अ0सं0 771/25 धारा 192/353(2)/352 बीएनएस थाना फरीदपुर, बरेली

**पूछताछ विवरण**

अभियुक्त तंजीफ आलम उर्फ तंजीर आलम पुत्र हबीब अहमद निवासी धौरा टांडा वार्ड नं0 6 थाना भोजीपुर जनपद बरेली का निवासी है तथा अभियुक्त BP.Ed. शिक्षा प्राप्त किया हुआ है। पूछताछ पर अभि0 द्वारा बताया गया कि साहब मुझसे गलती हो गयी है। आगे से इस तरह की किसी भी फोटो पर ऐडिटिंग कर पोस्ट नही करूगा।

**बरामदगी का विवरणः-**

एक मोबाईल फोन कम्पनी रियलमी

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राधेश्याम थाना फरीदपुर जिला बरेली ।
2. उ0नि0 श्री लोकेश तोमर थाना फरीदपुर जिला बरेली ।
3. हे0का0 246 महावीर सिंह थाना फरीदपुर जिला बरेली ।
4. का0 1140 विनय कुमार थाना फरीदपुर जिला बरेली ।